British Columbia's
Office of the Human Rights
Commissioner

MISINFORMATION:
CAN YOU
STOP IT?

# गलत जानकारी: क्या आप इसे रोक सकते हैं?

## इस अभियान के बारे में

झूठी या भ्रामक जानकारी - जिसे "गलत सूचना" कहा जाता है - हमारे समाज में एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। और यह सिर्फ असुविधाजनक ही नहीं है; यह खतरनाक है और हमारे मानवाधिकारों के लिए सीधा खतरा है।

बी.सी. के मानवाधिकार आयुक्त ने "क्या आप इसे रोक सकते हैं?" अभियान शुरू किया, ताकि इस बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके कि गलत जानकारी हमारे समाज को किस प्रकार नुकसान पहुंचा रही है और हम इसे फैलने से रोकने के लिए क्या कर सकते हैं।

इस अभियान के अंतर्गत, हमने आपके लिए एक क्विज़ तैयार किया है, जिससे आप गलत जानकारी को फैलने से पहले ही पहचानने और रोकने की अपनी क्षमता का परीक्षण कर सकेंगे। क्विज़ जो हिंदी, में: bchumanrights.ca/stop पर उपलब्ध है खोजें

जैसा कि क्विज़ से पता चलता है, गलत जानकारी को पहचानना कठिन है। इससे हम सभी को नुकसान पहुंचता है। आइये देखें कि यह क्यों सच है - और हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं।

## गलत/दुष्प्रचार मानवाधिकार का मुद्दा क्यों है?

जब गलत जानकारी सत्य से अधिक तेजी से फैलती है, तो अधिकारों का हनन होता है।

### गलत जानकारी भेदभाव और घृणा संबंधी अपराधों को बढ़ावा देती है।

विशिष्ट समूहों को लक्षित करने वाली रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रहों और षड्यंत्र के सिद्धांतों को बढ़ावा देकर, गलत जानकारी हानिकारक दृष्टिकोण और व्यवहार को जन्म देती है, जिसमें भेदभाव और घृणा संबंधी अपराध शामिल हैं।

### **गलत** जानकारी **लोकतंत्र और कार्यशील समाज को नुकसान पहुंचाती है।**

गलत और भ्रामक जानकारियां मतदाताओं को गुमराह करती हैं और राजनीतिक नेताओं पर भरोसा कम करती हैं। वे उपलब्ध जानकारी की मात्रा भी बढ़ा देते हैं, जिससे यह पहचानना कठिन हो जाता है कि वास्तव में क्या सच है। इससे हम सारी जानकारी सूचनाओं के प्रति अविश्वास करने लगते हैं - जिसमें वह जानकारी भी शामिल है जिसकी हमें स्वयं की तथा अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए सही फ़ैसले लेने में होती है।

इस बारे में अधिक जानने के लिए कि कैसे गलत और भ्रामक जानकारी भेदभाव और नफरत को बढ़ावा देती है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाती हैं, हमारी 2023 की रिपोर्ट, **नफरत से आशा की ओर** (From Hate to Hope)(विशेष रूप से **पृष्ठ** 171-172), और हमारी 2024 की रिपोर्ट, **अधिकारों पर ध्यान** (Rights in Focus) (विशेष रूप से **पृष्ठ** 55-56) देखें।

536-999 Canada Place, Vancouver, BC V6C 3E1
info@bchumanrights.ca | Toll Free: 1 844 922 6472

# गलत जानकारी को रोकना इतना कठिन क्यों है?

जो लोग गलत जानकारी फैलाते हैं, वे लोगों को धोखा देने के लिए प्रेरित होते हैं, क्योंकि उन्हें इससे लाभ मिलता है कि हम उनकी साझा की गई जानकारी को सत्य मान लें। वे हमें गुमराह करने के लिए शक्तिशाली रणनीतियों का उपयोग करते हैं, जिनमें शामिल हैं:

- संबंधित रुचियों और मूल्यों वाले लोगों को सोशल मीडिया फीड पर दिखाने के लिए एल्गोरिदम का उपयोग करना
- सोशल मीडिया साइट प्रक्रियाओं (एल्गोरिदमों) से लाभ उठाना
- जानकारी को संशोधित करना और ऐसी भ्रामक जानकारी तैयार करना जो वास्तविक लगती हो
- तीव्र भावनाओं को भड़काना जिससे पोस्ट को साझा करना अत्यावश्यक लगे
- किसी चीज़ को वास्तविक समस्या के स्रोत के रूप में गलत पहचानना क्योंकि यह उसी समय घटित होती है

# हम गलत जानकारी के बारे मेंक्या कर सकते हैं?

हमारे पास गलत सूचना को संबोधित करने की शक्ति है।

हमें हेरफेर वाली हर जानकारी का सामना करने की आवश्यकता नहीं है। परंतु छोटे-छोटे प्रयास भी प्रभावशाली परिणाम ला सकते हैं।

यह सिर्फ अपनी सुरक्षा करने की बात नहीं है। जब हम गलत जानकारी के प्रसार को रोकते हैं, तो हम निम्नलिखित की रक्षा सुनिश्चित करने में मदद करते हैं:

- हमारे मित्रों और परिवार को हेरफेर से बचाना
- हाशिए पर पड़े समुदायों को भेदभाव और घृणा से बचाना
- लोकतंत्र के खतरों से हमारे समाज की रक्षा करना

आप ये कर सकते हैं:

## 1. गलत जानकारी फैलने से पहले उसे रोकना सीखें

गलत जानकारी को फैलने से रोकने के लिए, आपको गलत जानकारी को पहचानने में सक्षम होना चाहिए। "स्टॉप" विधि[1] आपकी मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है:

✓ **(केवल) तभी साझा करें जब आप आश्वस्त हों।**
खुद से पूछें: क्या यह सचमुच सच है?

✓ **सत्य का पता लगाएं।**
क्या अन्य विश्वसनीय स्रोतों के पास भी यही जानकारी है?

✓ **आक्रोश को मात दें।**
क्या आप जो सामग्री देख रहे हैं उसके प्रति आपकी भावनाएं प्रबल हैं? क्या ये भावनाएँ तथ्यों पर आधारित हैं?

[1] We call this the "stop" method because in English, the word "stop" can be spelled using first letter of each of the steps listed.

✓ **दृष्टिकोण पर प्रश्न उठाएँ।**
विषय-वस्तु क्या कहना चाह रही है? यह कौन कह रहा है? ऐसा कहने से किसे लाभ होगा?

**"स्टॉप" विधि का उपयोग करके (फिर से) क्विज़ करें। ▸**

## 2. गलत जानकारी के बारे में और जानें और जानें कि आप कैसे कार्रवाई कर सकते हैं

अपडेट और अतिरिक्त संसाधन जो गलत जानकारी और मानवाधिकारों से उसके संबंधों को समझाते हैं, के लिएbchumanrights.ca/stop पर नज़र रखें।

## 3. अपने जीवन में दूसरों को गलत जानकारी के बारे में जानने में मदद करें

इस वेबपेज, क्विज़ और "स्टॉप" विधि को अपने परिवार के सदस्यों, मित्रों, सहकर्मियों और अपने समुदाय के सदस्यों के साथ साझा करें।

## 4. अपने समुदाय में इस बात का प्रचार करें

**क्या आप अपने समुदाय में गलत जानकारी को रोक सकते हैं**? हम सारे बी.सी. में कक्षाओं, युवा समूहों और सामुदायिक संगठनों से आह्वान कर रहे हैं कि वे इस बात का प्रचार करें कि गलत जानकारी को फैलने से पहले ही कैसे रोका जाए। ऐसा करने से आपके समुदाय में गलत जानकारी के मानवाधिकारों पर पड़ने वाले प्रभाव तथा उसे रोकने के तरीक़ों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायता मिल सकती है।

प्रोजैक्टों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- दृश्य कला, जैसे भित्ति चित्र, पोस्टर, पेंटिंग और बैनर
- मल्टीमीडिया कलाएँ, जैसे वीडियो, फ़ोटोग्राफ़ी या पॉडकास्ट
- कविता, लघु कथाएँ, पत्रिकाएँ, कॉमिक पुस्तकें
- सभाएँ या कार्यक्रम—जिनमें सामुदायिक गोलमेज सम्मेलन, अंतर-पीढ़ी संवाद और शिक्षण सत्र शामिल हो सकते हैं।
- कुछ और: यदि आपके पास किसी अन्य प्रोजैक्ट का विचार है तो कृपया हमें सूचित करें।

चयनित प्रोजैक्टों को bchumanrights.ca/stop पर प्रदर्शित किया जाएगा और इसे हमारे कार्यालय के सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से साझा किया जा सकता है। यदि आप चाहते हैं कि हम आपका प्रोजैक्ट अनुभव साझा करें तो हमें बताएं!

### हमारे पास लघु अनुदान उपलब्ध हैं!

2025 की शरद ऋतु में शुरू होने वाले एक लघु अनुदान अवसर के माध्यम से प्रोजैक्टों को समर्थन देने के लिए वित्तपोषण सहायता उपलब्ध है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए मेलिंग सूची में शामिल होने हेतु, कृपया अपना नाम और (यदि कोई हो तो) संगठन के साथ एक ईमेल, engagement@bchumanrights.ca इस पते पर भेजें, "**गलत सूचना मिनी अनुदान**" विषय पंक्ति में के साथ।

कृपया ध्यान दें कि हमारी कार्यभाषा अंग्रेजी है।

# आप ही अंतर हैं

भले ही आप स्वयं को गलत जानकारी से प्रभावित व्यक्ति न मानते हों...
भले ही आपने कुछ ऐसा साझा किया हो जो झूठ निकला हो (हममें से कई लोगों ने ऐसा किया है)...
भले ही विरोध करना विह्वल करने वाला लगता हो...

आप एक बड़ी कहानी का हिस्सा हैं।

जब हम गलत और भ्रामक जानकारी के प्रसार को रोकने के लिए कदम उठाते हैं, तो हम हेरफेर का प्रतिरोध करते हैं और एक-दूसरे के अधिकारों की सुरक्षा करते हैं।